पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बुधवार, 10 नवंबर 2021

पेज 8

# हमारा दून



पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत की सीमा में नहीं बसा कोई चीन का गांव

**संवाददाता** देहरादून। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने कहा कि भारत की सीमा में नहीं बसा कोई चीन का गांव। उन्ह्होंने कहा कि सीमाओं पर सेना की नजर है। पर्वतीय गांवों में पलायन रोकने को सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत। मंगलवार शाम राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत शामिल हुए।

### उत्तराखंड में कोरोना के 21 नए मामले आए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को कोरोना के 21 नए मामले आए हैं, जबकि आठ मरीज स्वस्थ हुए हैं। राज्य में फिलवक्त कोरोना के 150 सक्रिय मामले हैं। देहरादून में सबसे ज्यादा 101 सक्रिय मामले हैं।

### वोटर लिस्ट पुनर्निरीक्षण का कार्य शुरू

**संवाददाता** डोईवाला। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार एक नवंबर 2021 से वोटर लिस्ट के पुनर्निरीक्षण का कार्य शुरू किया गया है। ब्लाक सभागार डोईवाला में उप जिलाधिकारी डोईवाला युक्ता मिश्र ने तहसील क्षेत्र के बीएलओ की बैठक ली। जिसमें उनको निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार किए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। उप जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने बताया कि नए मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर आनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इसी के साथ बीएलओ घर–घर जाकर भी वोटर लिस्ट में दर्ज नामों का सत्यापन करेंगे। साथ ही जो भी त्रुटियां होंगी उनके सुधार के साथ ही नए मतदाताओ के फार्म भी भरवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत पोलिंग बूथ से संबंधित सामग्री भी बीएलओ को वितरित कर दी गई है। बैठक में तहसीलदार सुशील सैनी, लेखपाल जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### एचडीएफसी बैंक ने 5वां परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक ने आज अपने स्मार्टअप ग्रांट्स के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन शुरू किए। यह वार्षिक कार्यक्रम सामाजिक स्टार्ट–अप और इन्क्यूबेटरों को हैजटैग परिवर्तन, एचडीएफसी बैंक की छतरी के तहत अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के लिए धन प्रदान करता है। इस साल बैंक ने स्मार्टअप अनुदान के लिए 15 करोड़ रुपये तक का आवंटन किया है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड सीएसआर, बिजनेस फाइनेंस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, आशिमा भट ने कहा, स्मार्टअप अनुदान सामाजिक उद्यमियों का समर्थन और पोषण करने के लिए है।

# पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक

**रैतिक परेड**

■ राज्यपाल ने 'राज्य स्थापना दिवस' के अवसर पर पुलिस रैतिक परेड की सलामी ली

**संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल ले. ज. श्री गुरमीत सिंह (से.नि) ने मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस के 12 अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक, एवं पुलिस पदकों से अलंकृत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह (से.नि) ने उपस्थित जनसमूह को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य आन्दोलनकारियों को भी नमन किया। राज्यपाल ने अनुशासित और भव्य पुलिस परेड के लिए पुलिस परिवार को बधाई दी। अपने संबोधन में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि राष्ट्र की कानून–व्यवस्था की नींव पुलिस है। समय के साथ पुलिस के कार्य एवं उत्तरदायित्व व्यापक होते जा रहे हैं। आज पुलिस केवल कानून व्यवस्था स्थापित करने तथा अपराधों पर नियंत्रण तक सीमित नही है। पुलिस की भूमिका रचनात्मक भी हो गई है। आज हमारी पुलिस युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने, नशा–मुक्ति अभियान चलाने, असहाय लोगों की मदद करने, मानवीय सेवा तथा मुसीबत में पड़े लोगों तक सहायता पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, यह सराहनीय है। हमें अपनी संवेदनशीन पुलिस से ऐसी ही अपेक्षा है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। आज ईफेक्टिव पुलिसिंग की आवश्यकता बढ़ गई है। पुलिस को नई परिस्थितियों के अनुसार अपनी क्षमता और ट्रैनिंग में निरन्तर सुधार की जरूरत है। आज के डिजिटल युग में साइबर क्राइम एवं सोशल मीडिया क्राइम भी पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती है। इसके लिये पुलिस विभाग में उच्च स्तरीय साइबर सेल के गठन की आवश्यकता है। समाज में अपराधों के नियंत्रण में टेक्नॉलाजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंफोर्ममेशन एण्ड क्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी पुलिस के लिये वरदान सिद्ध हो सकती है। राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि वास्तव में लॉकडाउन के समय सबसे महत्वपूर्ण पक्ष था पुलिस द्वारा किये गये सामाजिक सेवा कार्य। पुलिस को सामाजिक दूरी के नियमों का पालन सुनिश्चित करवाने के साथ ही लोगों को आवश्यक सूचनाएं देने तथा अनिवार्य वस्तुओं की आपूर्ति का कार्य भी करना पड़ा। पुलिस के अधिकारी तथा जवान तत्काल मदद की गुहार लगाने वाले नागरिकों के सीधे सम्पर्क में आ गए। राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान पुलिस की भूमिका जरूरतमंदों की सहायता एवं सेवा पर केन्द्रित रही, यह अत्यन्त सराहनीय है। जरूरतमंदों को राशन, दवाईयां, मास्क, सेनेटाइजर, ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर आदि वितरित करके पुलिस अनेक असहाय लोगों के लिए आशा की किरण बनी। हमारे निष्ठावान पुलिस के जवानों ने अपने कर्तव्यों के पालन के साथ मानवता का धर्म भी निभाया तथा निराश्रितों का सहारा बनी, इसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस परिवार को विशेष बधाई। राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि इस वर्ष उत्तराखण्ड राज्य ने अपनी स्थापना के 21 वर्ष पूरे कर लिये हैं। आज हम पूरी तरह से युवा हो चुके हैं। एक युवा राज्य से जन अपेक्षाएं भी अधिक होंगी। निश्चित ही हमारी कार्यशैली, विजन और मिशन में और अधिक गम्भीरता की आवश्यकता होगी।



### राज्यपाल एवं सीएम ने विकास पुस्तिका का विमोचन किया

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका ''विकल्प रहित संकल्प, नये इरादे, युवा सरकार, उत्तराखण्ड विकास के स्वर्णिम पथ पर'' का विमोचन किया। इसके साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका व उपवा की वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया।

# 'उत्तराखंड महोत्सव' के रूप में मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**घोषणाएं**

■ योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास के साथ ही प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) मे राज्य स्थापना दिवस की 21वीं वर्षगांठ पूरी गरिमा के साथ ''उत्तराखंड महोत्सव'' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड के जवानों ने विधानसभा परिसर में भव्य सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। वही स्कूली बच्चों एवं सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास के साथ ही प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा परिसर भराडीसैंण में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और विधानसभा परिसर गैरसैंण (भराड़ीसैंण) से पूरे प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड के लिए विशेष दिन है। लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद हमें यह दिन देखने को मिला है। इसके लिए असंख्य गुमनाम लोगों ने संघर्ष किया। बच्चे, युवा, महिला, बुजुर्ग सब सड़क पर उतरे थे। माताओं और बहनों ने अपमान सहा। ये राज्य हमें लाठी, गोली और दमन से मिला है।

खटीमा, मसूरी और मुजफ्फरनगर के दमन को हम कभी भूल नहीं सकते। मैं खटीमा का निवासी हूँ, मैंने अपनी आंखों से उस दमन को देखा है। मैं आज उन शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन करता हूं जिन्होंने इस राज्य के लिए अपने जीवन को, अपने परिवार की खुशियों को होम कर दिया। यह शांति की धरती है, यह क्रांति की धरती है।



### 21 सालों की विफलताओं पर आप पार्टी ने मौन रह दिया धरना

**संवाददाता** ऋषिकेश। राज्य स्थापना दिवस पर 21 सालों की विफलताओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने नेपाली फार्म तिराहे पर राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन रख धरना दिया। धरना शुरू होने से पहले प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राज्य निर्माण के दो दशक के बाद भी अभी तक बलिदानियों के सपने का उत्तराखंड नहीं बन पाया है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश सरकारों की विपलताओं को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ताओ ने मौन रह धरना दिया। पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डा. राजे सिंह नेगी ने कहा कि सत्ता की मलाई की चाहत में दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा–कांग्रेस ने बारी–बारी से राज्य वासियों को छलने का काम किया है। उत्तराखंड की स्थाई राजधानी, पलायन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सिर्फ सियासत ही होती रही।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।